ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थियों की अंतर्निहित क्षमताओं को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से दिशा देने के प्रयास में माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल (उत्तरप्रदेश) श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा निर्देशित कार्यक्रम के अंतर्गत आज माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर परिसर में स्थित बाला सुन्दरी महिला अध्ययन केंद्र ने विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए पाँच ग्रामों के विभिन्न प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के छात्र छात्राओं के बीच चित्रकला, कहानी कथन तथा भाषण प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। माननीय कुलपति महोदय प्रो. हृदय शंकर सिंह के आदेशानुसार प्रतियोगताओं के प्रथम चरण को विद्यालयों में ही पूरा कर लिया गया था। आज अंतर विद्यालय प्रतियोगिता के लिए विद्यालय स्तर पर विजेता छात्र- छात्राओं को विश्वविद्यालय परिसर में आमंत्रित किया गया। कक्षावार चार वर्गों में की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों का प्रदर्शन अति सरहानीय रहा । कार्यक्रम के दौरान बाला सुंदरी महिला अध्ययन केंद्र की संयोजक प्रो. गुंजन त्रिपाठी तथा अन्य सदस्यगण डॉक्टर विनीता दूबे , डॉक्टर अपूर्वा सिंह , दिव्या सिंह , भरत दहिया , डॉक्टर सुधांशु , डॉक्टर विजय प्रताप , कोमल त्यागी आदि उपस्तिथ रहे । कार्यक्रम के अंत में माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय के कुलसचिव वीरेंद्र मौर्य तथा वित्त अधिकारी सिद्धार्थ शंकर त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को अभिप्रेरित करते हुए बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताओं में भागीदारी किस प्रकार विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण तथा जीवन में निरंतर आगे बढ़ने में सहायता करती हैं।